Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 12-03-2022 | अंक 166

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# ज़ियाडा उद्यमियों को किया जा रहा है परेशान, सरकार करे निदान ,जेएसआईए करेगा सहयोग : मैथ्यू

## झारखण्ड स्मॉल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने की ज़ियाडा उद्यमियों के साथ बैठक, समस्याओं से हुए अवगत

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



ज़ियाडा उद्यमियों के साथ बैठक करते जेएसआईए से जुड़े उद्यमी

झारखण्ड स्मॉल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन रांची की 20 सदस्यीय टीम शनिवार को बरही स्थित ज़ियाडा पहुंची।ज़ियाडा में संचालित उद्यम के संचालकों से उनकी समस्या सुनी। उसके बाद बरही स्थित ज़ियाडा में संच. ालित उद्यम के संचालक उद्यमियों के साथ बैठक की। अध्यक्षता झारखण्ड स्म०ल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष फिलिप मैथ्यू एवं संचालन सचिव अजय दधीच एवं बीएमए के अध्यक्ष पीके गर्ग ने किया। बैठक में ज़ियाडा में संचालित उद्यमियों को उद्यम चलाने में आ रही परेशानियों पर चर्चा की गई। बैठक में एसोसिएशान को जानकारी देते हुए बीएमए अध्यक्ष पीके गर्ग ने बताया कि कोरोनाकाल में ज़ियाडा के द्वारा इंस्टालमेंट के साथ अतिरिक्त कंपाउंड ब्याज दर लिया जा रहा है। जबकि सरकार ने कोरोनाकाल में रियायत देने का प्रावधान किया है। गर्ग ने एसोसिएशन को बताया कि डीवीसी के द्वारा बिजर्ली बिल के साथ टीडीएस की मांग के लिए दबाब बनाया जा रहा है। प्रदूषण को लेकर अनावश्यक परेशान किया जाता है। बैठक में झारखण्ड स्मॉल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष फिलिफ़ मैथ्यू ने ज़ियाडा उदमियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि ज़ियाडा में आने वाली परेशानियों को एसोसिएशन गंभीरता से लिया है। हर समस्या का समाधान के लिए एसोसिएशन झारखण्ड सरकार से पत्राचार करेगा। सचिव अजय दधीच ने कहा कि ज़ियाडा उद्यमियों के साथ काफी नाइंसाफी की जा रही है। लोकल लोग भी बेवजह परेशान कर रहे हैं। अरुण खेमका ने कहा कि ज़ियाडा के उद्यमी भी हमारा परिवार है। इनकी समस्या को हम सब मिलकर हल निकालेंगे। सरकार एवं लोकल प्रशासन इस पर ध्यान दें। नही तो समस्या के समाधान के लिए उचित कदम उठाएगा। धन्यवाद ज्ञापण रवि गरोडिया ने किया। बैठक में अध्यक्ष फिलिफ़ मैथ्यू, पूर्व अध्यक्ष अरुण खेमका , उपाध्यक्ष अंजय पचेरिवाला, सचिव अजय दाधीच, सह सचिव विवेक बागला, कोषध्यक्ष कमल अग्रवाल, अरुण शर्मा, विमल लखोटिया, शिवम सिंह, निखिल केडिया, सुनील अग्रवाल, राजीव रंजन मिश्रा, रणधीर शर्मा, पवन कुमार गर्ग, रवि गरोडिया, राधेश्याम गोपाल, राजा छाबड़ा, आकाश राज सहित कई उद्यमी मौजूद थे।

# ब्रीफ न्यूज

## मारपीट में महिला हुई घायल



बरही थाना अंतर्गत बरहीडीह निवासी महेंद्र साव की पत्नी तारा देवी आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गई। उनके परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज किया गया।

## छत से गिरकर पांच वर्षीय बच्ची घायल



बरही प्रखंड अंतर्गत बरसात निवासी सुनील प्रसाद के बेटी स्वेता कुमारी छत से गिरकर घायल हो गई। जानकारी के अनुसार स्वेता अपने छत पर खेल रही थी इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। जिससे वह छत से गिर गई। परिजनों ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज किया गया

## कार चोरी कर भाग रहे युवक को बरही पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा गया जेल

बरही पुलिस ने शुक्रवार शाम पांच बजे ट०ल प्लाजा के पास दिलीप बर्नवाल भूली धनबाद निवासी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार दिलीप बर्नवाल धनबाद से वाहन संख्या श्रभ्४फ 6017 एर्टिगा कार चोरी कर भाग रहा था। युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सर्पदंश से पांच वर्षीय गंभीर, रेफर

बरही थाना अंतर्गत खोड़ाहर निवासी बनी चौधरी का पांच वर्षीय पुत्र को सांप ने काट लिया। जिससे वह गंभीर हो गया। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

# शिक्षक विदाई सह होली मिलन समारोह का आयोजन

## गुलाल लगा दी होली की शुभकामनाएं



विदाई सह होली मिलन समारोह में मौजूद लोग

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

संकुल संसाधन केंद्र तिलैया में सेवानिवृत शिक्षको की विदाई सह होली मिलन समारोह का आयोजन तिलैया संकुल के शिक्षकों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमारी निर्मला एव संचालन मवि भंडारो के शिक्षक किशोरी महतो ने किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरुण कुमार शर्मा, आजप्ता के प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या प्रजापति, सचिव मथुरा प्रसाद, सहायक अध्यापक शिक्षक संघ के संजय दूबे , मनोज घोष एवं दीनानाथ प्रसाद मुख्य रुप से शामिल हुए। कार्यक्रम में तिलैया संकुल के दो शिक्षक सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा एवं बालगोविंद यादव को भावभीनी विदाई दी गई। दोनो को माला पहनाकर एव अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। दोनो शिक्षक फरवरी माह में सेवानिवृत हुए हैं । सभी अतिथियों का स्वागत शिक्षिका कुमारी निर्मला ने किया। तिलैया स्कूल की बच्चियों के द्वारा स्वागत गान, स्वागत नृत्य, नागपुरी गीत आदि प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में होली मिलन समारोह का रंगारंग कार्यक्रम किया गया। पूरा माहौल होलियाना हो गया। इस कार्यक्रम में अयोध्या कुम्हार, मथुरा प्रसाद, एहसान अहमद, संजय दुबे, मनोज घोष, दीनानाथ प्रसाद, अजय प्रजापति, मुकेश चौधरी, संजय सिंह, राजेंद्र आर्य, महेंद्र प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, आदि एवम संकुल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# समाजसेवी गांगो पासवान के निधन पर जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने किया शोक प्रकट



अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के गुड़ियो निवासी गांगों पासवान ऊर्फ प्रसाद राम का का 75 वर्ष में अकाश्मिक निधन हो गया। इस बात की सूचना मिलते ही बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम उनके परिजनों से मिलने पहुंचे और उनका ढांढस बंधाया। वही उन्होंने कहा की गुड़ियों ने आज हीरा समान व्यक्ति को को दिया। मैं इनके निधन से काफी दुःखी हूं। भुगवान मृत आत्मा को शांति प्रदान करे। मौके पर समाजसेवी सूरज दास, स्थानीय मुखिया दशरथ यादव, उप मुखिया सहदेव शर्मा, पंचायत समिति सदस्य कांति देवी, रघु मोदी, विद्यासागर पासवन, उमेश भारती, काली ठाकुर, रामेश्वर पा. सवान, अशोक पा. सवान, महेंद्र पासवान एवं मुनिलाल ठाकुर मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में सत्र-2022-23 कक्षा नर्सरी से नवम के लिए कल होगी प्रवेश परीक्षा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय र०यल अ०र्किड इंटरनेशनल स्कूल चकुरा बरही में सत्र 2022-23 कक्षा नर्सरी से नवम तक की नामांकन हेतु छात्र के लिए 50 सीटें, छात्राएं के लिए 50 सीटें, बीपीएल छात्र-छात्राएं के लिए 20 सीटें सहित कुल 120 सीटें के लिए 13 मार्च समय पूर्वाह्न 10.30 बजे से 12.30 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। उक्त सभी सीटों पर छात्र-छात्राओं का पंजीकरण प्राप्त हो गयी है। प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि परीक्षा के दरमियान साथ में आए अभिभावकगण को प्रारंभिक से विद्यालय द्वारा उपलब्धियां, बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास, डिजिटल क्लास एवं पढ़ाने का तरीके भी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा जानकारी दी जाएगी। परीक्षा नियंत्रक प्राचार्य अनूप कुमार सिंह एवं निगरानी शुभाशीश पाइन एवं अलोक कुमार होंगे। मौके संजय रविदास,पवन कुमार,पल्लवी कटरियार ,सिमी सिंह,शारोन थ०मस,प्रशांत कुमार,सुनील पाण्डेय, नविन कुमार, मुजिबुर रेहमान,लक्ष्मी कुमारी,उषा देवी उपस्थित रहेंगे।



जानकारी देते प्राचार्य अनूप कुमार सिंह

## अमन खान के हाफिज बनने पर मुस्लिम समाज ने दी बधाई



बधाई व स्वागत करते समजसेवी

अलगडीहा निवासी रऊफ खान के पुत्र अमन खान ने हाफिज की डिग्री बरवाडीह मदरसा से प्राप्त हुआ है। हाफिज की दस्त. रबन्दी होने पर अमन खान शनिवार को अपने घर अलगडीह पहुंचा। अलगडीह आने पर समा. जसेवियों ने माला पहनाकर स्वागत किया गया। जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि अमन खान हाफिज बनने के बाद पूरे कलाम पाक जबानी कहीं भी सुना सकते है। स्वागत करने वालों में सफिक खान उर्फ पप्पू खान, सदर अब्दुल कैयूम हाजी, सहिदुलाह, अबरार अंसारी, हस्नानेन रजा, रहमत अंसारी, अल्लाउदीन , मो0 कोशर , शोहेल खान, यूनुस अंसारी आदि लोग शामिल हैं।




## विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास व पैक्स गोदाम का उदघाटन



**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**

बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने भगहर पंचायत के भंडार में रूपिनटांड चौमूहाने तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास व भगहर पैक्स गोदाम का उदघाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास करना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। कहा मैंने विधान सभा सत्र में जर्जर सड़कों की मरम्मति एवं नया सड़क निर्माण का मामला उठाया है। ग्रामीण जनता अपनी समस्या से हमें बतलाएं मैं हर संभव मदद करूंगा। भगहर पंचायत के लगभग सड़कों का निर्माण कराया गया है जो छूटे हैं उसे जल्द बनवाने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में विधायक प्रति. निधि रामफल सिंह, संरक्षक राजेन्द्र राणा, कांग्रेस नेता मनोज यादव, मन्नू भगत, महेंद्र साव, यद्दू यादव, रविशंकर अकेला, महेश केशरी, अशोक सिंह, संजय यादव, डीलर संघ अध्यक्ष सुखदेव यादव, बिनोद यादव, रामबली यादव, दशरथ यादव, लालो यादव, बिनोद यादव, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षाविद सह मॉडर्न व कस्तूरबा के संस्थापक डॉ ललन प्रसाद का द्वितीय पुण्यतिथि आज

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**

चौपारण : प्रखण्ड में शिक्षा का अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षाविद डॉ ललन प्रसाद का द्वितीय पुण्यतिथि आज डo ललन बाबू कस्तूरबागांधी + 2 उच्च विद्यालय के विद्यालय प्रांगण में मनाई जाएगी। पुण्यतिथि के अवसर पर श्रधांजलि व शोक सभा का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बंध में उनके पुत्र सह पत्रकार चन्दन कुमार ने बताया कि मेरे पिता स्व ललन प्रसाद को शिक्षा से काफी लगाव था। यही लगाव के कारण सर्वप्रथम 1981 ई में इन्होंने सामुहिक प्रयास से प्रखण्ड के सिंहपुर में मॉडर्न पब्लिक स्कूल की नींव रखी। उसके बाद 2006 में इन्होंने कस्तूरबा गांधी +2 उच्च विद्यालय सिंहपुर की स्थापना की। विद्यालय का स्थापना का मुख्य उद्देश्य था कि आसपास के दर्जनों गांवो के बच्चों एवं खासकर बच्चियों की पढ़ाई पैसे व दूरी के अभाव के कारण न छूटे। तब से दोनों विद्यालय से हज़ारों बच्चे एवं बच्चियों ने उच्च शिक्षा ग्रहण की और अपने जीवन मे कामयाबी हासिल की। वे हमेशा बच्चों के मनोबल को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। दुर्भाग्य से वे 13 मार्च 2020 को विद्यालय परिवार व हम सबो को इस दुनिया से छोड़ गए। मैं प्रखण्ड के तमाम शिक्षा प्रेमियों व उनके शुभ चिंतकों से आग्रह करता हूँ की पुण्य तिथि के मौके पर विद्यालय अवश्य पहुंचे और उनके द्वारा किए गए कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए हमसबों को मार्गदर्शन दे।



डॉ ललन प्रसाद

## सड़क निर्माण कंपनी बेपरवाह,कौन है दुर्घटना का जिम्मेवार?लोग पूछ रहे सवाल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



गोरहर थाना क्षेत्र के सूर्यकुण्ड पुल के समीप एक ट्रक न0 डब्लू बी 39 9272 सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा।घटना शनिवार सुबह की है।ट्रक चालक मनोज यादव के अनुसार मैदा पाउडर बोरे से लदा ट्रक पटना से कलकत्ता जा रही थी।इसी बीच रास्ते मे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।ग्रामीणों के अनुसार सड़क एनएच 2 सिक्स लेन निर्माण कार्य कर रही राजकेशरी कंपनी की लाप. रवाही के कारण आये दिन सड़क दुर्घटना हो रही है।. निर्माण एजेंसी कच्छप चाल से सिक्स लेन निर्माण कार्य किया जा रहा है।सड़क किनारे गड्ढे कर छोड़ देने से वहां होटल ब्यवसाय पर ख़ास असर पड़ रहा है।वहीं सुरक्षा मानकों का घोर अभाव देखा जा रहा है।लोग कंपनी की उदासीन रवैये से परेशान है।आख़िर इसके लिए कौन जिम्मेवार है ,लोग सड़क निर्माण एजेंसी पर सवाल उठा रहे है।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
UID NO. 20040117202
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से
## पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु
युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार
उम्मीदवार
## कपिल प्रसाद केशरी
को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!


सोच हमारी विकास आपका





**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस



फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे-नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881


Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

नया सोच नया विकास
## भावी मुखिया उम्मीदवार
सोच हमारी विकास आपका

हमे सहयोग करें हम आपके सेवा में
आपके पंचायत का बेटा
## सुनिल गिरी
ग्राम पंचायत बेन्दगी





निवेदक:- श्री कमल गिरी

मोबाइल नं० 8521749112

सुनिल गिरी
भावी मुखिया उम्मीदवार

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित एडिटर: सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

# प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष बने कमलेश कमल सचिव बद्दी उजमा

## संगठन मजबूती व शिक्षको के हित मे करूँगा कार्य : कमलेश कमल

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ चौपारण इकाई का बैठक मध्य विद्यालय चौपारण में वरिष्ठ शिक्षक अनिल सिंह के अगुवाई में किया गया। बैठक में संगठन का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से मध्य विद्यालय सिंहपुर के शिक्षक कमलेश कुमार कमल को अध्यक्ष व मध्य विद्यालय चौपारण के शिक्षक बद्दी उज्जमा को सचिव पद का दायित्व सौंपा गया। वही उपाध्यक्ष अशेश्वर प्रजापति और सविता कुमारी , संगठन सचिव छोटन प्रसाद, संयुक्त सचिव मृत्युंजय सिंह , कोषाध्यक्ष शशिकांत शर्मा , प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी ड०क्टर प्रदीप साहू , उप सचिव विजय कुमार, जिला प्रतिनिधि के लिए संजय कुमार सिन्हा तथा राज्य प्रतिनिधि के लिए उपेंद्र कुमार को चयनित किया गया। अंकेक्षक गोपाल साहू को बनाया गया । कार्यकारिणी में संजय सिन्हा, दिलावर अंसारी, विजय रविदास , निर्मल रजक, प्रेम पंडित, विनोद किस्को, सुकुल गंझू, संजय कुमार, मो. हम्मद शकील, राजू ठाकुर , सुनील रजक, महेश महतो, सुनील कुमार पोद्दार, सूर्यकांत सिंह और दिनेश्वर राम को रखा गया है । संगठन के मार्गदर्शक मंडल में जितेंद्र कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार दास ,मोहम्मद कैसर आलम, राकेश कुमार, मो. हम्मद शोएब अहमद, उमेश सिंह , जनार्दन प्रसाद वर्मा को शामिल किया गया है । निर्वाचक मंडल में जन्मेजय सिंह , राकेश कुमार एवं सरोज कुमारी उप. स्थित थे। संगठन का चुनाव काफी सौहार्द वातावरण में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिला प्रतिनिधि के रूप में जन्मेजय सिंह उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अजप्ता का चुनाव सभी प्रखंडों में किया जा रहा है । इसी के तहत आज चौपारण इकाई में चुनाव किया गया। सभी निर्वाचित शिक्षकों को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रीना कुमारी ने शुभकामनाएं दी । बैठक में शिक्षक राजकुमार प्रजापति, उमेश सिंह, सोहेब अकरम, रामदेवरा साव, कौशल्या कुमारी, अनिल महतो , ऋषि कपूर , श्रीकांत शेखर, ईश्वरी राम , महबूब आलम, रंजीत राम, जूम रात अंसारी, अब्दुल हकीम, सुधीर कुमार सोनी , राजेश कुमार , दिनेश्वर राम , मोनिका कुमारी आदि उपस्थित थे ।




# 1932 आधारित स्थानीय नियोजन निति शीघ्र लागू करें सरकार विक्की कुमार धान

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



आज दिनांक 12/03/2022 को आदिवासी छात्र संघ विश्वविद्यालय कार्यालय सुरेश कलोनी में बैठक रखा गया जिसकी अध्यक्षता विनोबा भावे विश्वविद्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार धान ने कि जिसमें 14 मार्च को खतियानी आंदोलन पदयात्रा संत कोलंबस क०लेज चौक से लेकर झंडा चौक तक किया जाएगा , जिसमें मुख्य मांग

1. 1932 खतियान आधारित पर स्थानीय नियोजन निति शीघ्र लागू करने
2.सरना धर्म कोड जाति प्रमाण पत्र में अंकित किया जाए
3. 2 लाख से अधिक बैकलॉ क नियुक्ति निकाला जाय

जिसमें विक्की कुमार धान ने कहा पदयात्रा के माध्यम से हम सरकार को आगाह करना चाहते हैं कि अतिशीघ्र 1932 के आधार पर स्थानीय नीति लागू करें नहीं तो आर पार की लड़ाई लड़ने को युवा तैयार हैं जब तक ये सभी मांगे पूरा नहीं हो जाते हैं तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे अपने हक अधिकार के लिए लड़ेंगे मुख्य रूप से उपस्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष आनन्द मरांडी , उपाध्यक्ष विक्की करमाली , सचिव अशोक टोप्पो ,महासचिव अर्जुन उरांव , संत कोलंबस क०लेज समिति अध्यक्ष राहुल वान्डो उपाध्यक्ष रोशन कुमार टोप्पो, सचिव सूरज उरांव, कोषाध्यक्ष मनोज मुर्मू वनांचल क०लेज प्रभारी अनूप टोप्पो , सरना ट्रस्ट सचिव किरण मुन्डा , आदिवासी नेता अनिल तिर्की आदि उप. स्थित थे

# एबीवीपी ने संत कोलंबस कश्वलेज में होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग ने सत कोलंबा महाविद्यालय में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया, सभी लोगों ने मिलकर होली, भाईचारा प्रेम और एकता का पर्व, के रूप में मनाया, कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी, फगुवा गीतों के माध्यम से होली के रंग प्रकृति और सुंदरता समाज में दूसरे को संदेश दिया




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूज़पेपर

## गिरिडीह - GPDP अवार्ड के लिए केंद्रीय टीम ने कपिलो पंचायत का किया सत्यापन

### कपिलो मुखिया इन्दु देवी के कार्यो को केंद्रीय टीम ने सराहा

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**




नयी दिल्ल ीः पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों को प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के अवसर पर केंद्रीय टीम के द्वारा राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों से सम्मानित की जाती है, उसमें झारखंड सरकार ने इस वर्ष झारखंड के गिरिडीह जिले के एकमात्र ग्राम पंचायत कपिलो को ळच्क्च अवार्ड के लिए नामित किया गया है जिसका केंद्रीय टीम के पदाधिकारियों द्वारा भौतिक एवं क्षेत्रीय भ्रमण कर सत्यापन किया गया है. केंद्रीय टीम में जाँच पदाधिकारियों के रूप में भारत सरकार के अवर सचिव एस. के. उपाध्याय और स्लोकर्थ त्रिवेदी ने बहुत हीं बारीकी से जाँच पड़ताल किया जिसमें उन्होंने सबसे पहले पंचायत भवन कपिलो आकर अभिलेखों, रोकड़ पंजी, योजना पंजी, ग्राम सभा पंजी, कार्यकारिणी समिति पंजी सहित सारे कागजातों का वेरिफिकेशन किया और वार्ड सदस्यों, पंचायत कर्मियों एवं ग्रामीणों से वार्तालाप कर संतुष्ट हुए, उसके बाद मुखिया इन्दु देवी के कार्यो का सराहना करते हुए पंचायत में किये गये विकास कार्यो का कार्यस्थल पर जाकर सत्यापन किये। इधर सूबे में एकमात्र कपिलो पंचायत का ळच्क्च राष्ट्रीय अवार्ड वेरिफिकेशन की खबर जैसे कपिलो पंचायत के मुखिया को मिला तो माननीय मुखिया श्रीमती इन्दु देवी के खुशी का ठि. काना न रहा। हो भी क्यों न इस वर्ष भी उनके देखरेख में बेहतर काम करने वाले जिले के बिरनी प्रखंड का कपिलो पंचायत सूबे का एक मात्र पंचायत है जिसे झारखंड सरकार के पंचायत राज विभाग के अधिकारियों के द्वारा सत्यापन के बाद ळच्क्च अवार्ड और दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सश. क्तिकरण पुरस्कार के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, वैसे तो कपिलो पंचायत को पहले भी कई पुरस्कार मिल चुके हैं जिसमें मूल्यांकन वर्ष 2017-2018 के तहत पिछला वर्ष भी राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड पंडित दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सश. क्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वितीय वर्ष 2018-19 में भी दीन दयाल उपाध्याय और नानाजी देशमुख अवार्ड से सम्मानित किया गया था, 2019-20 में भी नानाजी देशमुख राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मा. नित किया है और इतना ही नहीं कपिलो पंचायत के मुखिया इन्दु देवी को उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला प्रशासन के द्वारा कई बार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मा. नित किया गया है, और उत्कृष्ट कार्य को देखने के लिए कई बार देश विदेश से अधिकारियों का कपिलो पंचायत में क्षेत्र भ्रमण कराया गया है। जिसमें मुखिया जी के द्वारा बेहतर काम के लिए पदाधिक. ारियों द्वारा हमेशा सराहना किया गया है। इस बाबत जब मुखिया इन्दु देवी से पूछे जाने पर उन्होने कहा कि हमें पहले से ही उम्मीद थी कि हमारे मेहनत और ईमानदारी पूर्वक काम को जरूर पहचान मिलेगा। लेकिन जिस कैटेगरी में पंचायत को सम्मानित किया गया है वह निश्चित रूप से पंचायत के लिए गौरव की बात है, ग्राम पंचायत विकास पंचायत अवार्ड पूरे राज्य में सिर्फ एक हीं ग्राम पंचायत को दिया जाता है और 2020-21 में उत्कृष्ट कार्य के लिए कपिलो पंचायत को मिलना काफी शौभाग्य की बात है. क्योंकि न लो. कसभा, न विधानसभा, सबसे बड़ा ग्राम सभा आज एसे में हमारे एक हीं कार्यकाल में पंचायत के लिए लागतार छः राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना निश्चित तौर पर बहुत हीं खुशी की बात है और एतिहासिक उपलब्धि होगी । पिछला वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय अवार्ड के लिए चयन होना हमारे लिए गौरवान्वित भरा पल होगा, यह सुनहरा पल हमारे पंचायत के लिए इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है इसलिए आज मैं बहुत खुश हूँ क्योंकि जनता जनार्दन ने जिस उम्मीद से हमें चुना था उनके उम्मीदों पर खरा उतरकर उनका विश्वास जीत ली हूँ। यह वे कहते हैं कि आज फिर से एक बार कपिलो पंचायत की जीत हुई है, ग्राम वासियों की जीत हुई है, युवा साथियों और सभी वार्ड सदस्यों की जीत हुई है, आप सबों के अपनापन , प्यार, आशीर्वाद, स्नेह और सहयोग की जीत हुई है, ॆभ्ळ बहनों की जीत हुई है, आज सभी अपनों की जीत हुई है, आज फिर से एक बार कपिलो पंचायत का राष्ट्रीय स्तर नंबर वन बना है, सभी के सहयोग से से पूरे राज्य में कपिलो पंचायत का डंका बजा है जिसमें हमारे सभी स्वास्थ्यकर्मियों, पंचायतकर्मी, पंचायत जनप्रतिनिधियों और प्रखण्ड से लेकर जिले तक सभी पदाधिकारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा है जो वर्षो तक हमें याद दिलाता रहेगा। आम तौर पर लोग सु. विधाओं का आभाव, कम. जोर व भ्रष्ट तंत्र का हवाला देते हुए समस्याओं के मकड़जाल में उलझकर रह जाते हैं, लेकिन गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के कपिलो पंचायत के एक साधारण परिवार से 30 वर्षीय महिला मुखिया इन्दु देवी ने नारीशक्ति की मिसाल पेश की है, अपने साकारात्मक सोंच, योजनाबद्ध कार्यशैली व अथक प्रयास से कपिलो पंचायत के मुखिया इन्दु देवी ने ग्राम पंचायत कपिलो की तक़दीर ही बदल दी। इस सराहनीय कार्य की चर्चा चारों ओर हो रही है.. यह पूछे जाने पर कि आखिर कौन सी ऐसी गतिविधियां या विशेष कार्य से पंचायत ने किया है जिसकी वजह से पंचायत को यह राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। मुखिया इन्दु देवी ने संक्षिप्त से इस बाबत अपनी बात बतायी, उनमें से ये प्रमुख बातें निकल कर सामने आती है वो ये हैं। हर स्तर पर कपिलो पंचायत का चहुमुखी विकास के लिए हुआ है काम बिरनी/ गिरिडीह

(1). ग्राम सभा से पारित योजनाओं को कार्यकारिणी की मासिक बैठक में जनहित को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक के आधार पर चयन कर योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतारजाता है।
(2) पंचायत के ैब टोले में विकास कार्य को प्राथमि. कता दी जाती है।
(3). सरकारी दिशा निद. ॆशानुसार हर महत्वाकांक्षी व जन कल्याणकारी योजनाओं को ग्राम पंचायत के धरातल पर बखुबी उतारा गया है।
(4). स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी गरीबों के घर में सुंदर व गुणवत्तापूर्ण शौचालय का निर्माण किया गया है और उसमें आकर्षक रंग रोंगन का विशेष कार्य किया गया है।
(5). पंचायत स्तर पर मिले सारे फंड का शत प्रतिशत उपयोग किया गया है।
(6). जनहित में दर्जनों च्ब्ब रोड निर्माण, पेभर ब्ल०क पथ निर्माण, आकर्षक चबूतरा, शमशान शेड, छठ घाट, सौर ऊर्जा संचालित जल मीनार, स्ट्रीट लाइट, पुलिया, नाली निर्माण, चापाकल निर्माण, सोखता टंकी, नाड़ेफ टैंक, आंग. नबाड़ी भवन निर्माण एवं आकर्षक रंग रोंगन, पंचायत भवन का सुंदर साज सज्जा, कलस्टर केन्द्र में समुदायिक शौचालय निर्माण इत्यादि।
(7). जल स्तर पर बढाने के लिए दर्जनों तालाब, डा. ॆभा, कुँए, ज्ब्ठ, सोखता गडढा और आम बागवानी का निर्माण किया गया है।
(8). बच्चों एवं धात्री मf. हलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाता है।
(9). गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण 100ः ।
(10). स्कूली बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति, नो ड्र०प आउट।
(11). ैब् केन्द्र एवं आंग. नबाड़ी केन्द्रों की क्रियाशीलता, शौचालय की शतप्रतिशत उपयोगिता ।
(12). स्कूलों में, आंग. नबाड़ी केन्द्रों में और पंचायत के हर घरों में शौचालय की व्यवस्था और स्वच्छता का बेहतर उपलब्ध संसाधन।
(13). ग्राम स्तर पर ग्रामसभा का आयोजन एवं ग्रामीणों की बेहतर उपस्थिति और बे प्रस्ताव।
(14).स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक एवं उनकी नियमित उपस्थिति।
(15). पंचायत स्तर पर निगरानी समिति, स्थायी समिति, ग्राम जल स्वच. छता समिति के द्वारा बेहतर कार्य किया जाता रहा है और सभी के सहयोग से जनहित में कार्य करने का निर्णय लिया जाता है।

APEM LIVE

## मृतक के घर पहुंचे माले के कई कार्यकर्ता बधाया ढाढ़स

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी थाना क्षेत्र के अरारी पंचायत के रुपीडीह गांव निवासी माले कार्यकर्ता कामरेड नुनमणी शर्मा अचानक तबियत बिगड़ने से रांची मेडिको हास्पीटल में भर्ती किया गया जहा आज रात 11बजे उनका निधन हो गया रुपीडीह गांव में क०मरेड नुनमणी शर्मा का शव गांव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया घटना की सूचना मिलते ही भाकपा माले बिरनी प्रखण्ड कमिटि सचिव और राज्य कमिटि सदस्य क०मरेड सिताराम सिंह,जिला कमिटि सदस्य कॉमरेड रामु बैठा जिला कमिटी सदस्य क०मरेड विसनुदेव वर्मा रामविलास पासवान,मुन्शी विश्वकर्मा, हरिहर दास, घनश्याम यादव,अशोक बैठा,बद्री यादव, बहादुर वर्मा,संदिप साव,सिताराम पासवान,शोकश्रंध्याजंली अर्पित करते हुए परिवार वालों को सांत्वना और ढांढस बंधाया

## चार राज्यों में भाजपा की प्रचण्ड जीत खुशी में नटखट चाट भंडार ने सभी को मुफ्त में समोसा - चाट खिलाया

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बिरनी थाना गेट के बगल में नटखट चाट भंडार के संच. ालक रंजीत तिवारी एवम शिवकुमार तिवारी के द्वारा भाजपा के द्वारा चार राज्यों में प्रचण्ड बहुमत जीत की खुशी में लोगों को सन्ध्या 4 बजे से मुफ्त में चाट एवम समोसा खिलाया चाट भंडार संचालक रंजीत तिवारी ने बताया की देश हित के लिए भाजपा जरूरी है भाजपा ही एकलौता पार्टी है जो हिंदुत्व एवम भारतीय सभ्यता एवम संस्कृति को आगे बढ़ा सकती है वहीं शिवकुमार तिवारी ने बताया की भाजपा ही है जो हमें रोजगार के अवसर प्रदान कर सकती है तथा लूट,दबंगई,हत्या,बलात्कार,गुंडागर्दी,व भूमाफिया,छिनतई आदि कारणों से भय मुक्त कर सकती है वहीं योगेश्वर बैठा ने कहा कि आज झारखण्ड सरकार में जिस तरह हिंदुओं को मोब्लिंचिंग में हत्या की जा रही है काश अपने झारखण्ड में भी भाजपा की सरकार होती तो हिंदुओं को यह दिन नही देखने को मिलता वही मि. थलेश यादव ने कहा कि आज हम सभी बहुत ही खुश हैं कि यूपी में योगी जी ने वर्षो की रिक०र्ड तोड़कर दोबारा बहुमत की सत्ता हासिल किए हैं इस दौरान नटखट चाट भंडार ने सभी राहगीरों को बिरनी, सलैडीह कटरीयाटांड़, कुबरीपुरनानगर,पलौंजिया, महथाडीह आदि गांवों के लोगों को लगभग हज़ारो प्लेट चाट खिलाया जिसमे मुख्य रूप से त्रिवेणी तिवारी,विजय कुमार,कन्हैया मालाकार, सौरभ कुमार,सचिन कुमार, ठाकुरदेव साव,रिया,सरस्वती,शिवानी, रूपा, निशा,रूपा, सिंपी,नुनु महतो,मैनेजर तिवारी,सुरेंद्र तिवारी,रोहित दास,अजय पांडेय,अभय पांडेय,बालेश्वर साव,चेतलाल साव,दीवाकर गुप्ता,त्रिवेणी विश्वकर्मा, तारा,छोटी,जयपाल,रौनक,बिकेंद्र आदि लोग मौजूद थे

## बड़कागांव यदुवंशी होली मिलन समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


होली मिलन समारोह मनाते लोग।

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चोपदार बलिया के यादव मोहल्ला के समीप आंग. नबाड़ी केंद्र के प्रांगण में यदुवंशी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेश्वर यादव एवं संचालन धनु यादव लालचंद यादव ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं बरही विधानसभा से चार बार विधायक रहे चुके पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अम. रदीप यादव को माला पहनाकर स्वागत किया गया। रंग अबीर गुलाल लगाकर यदुवंशियों ने एक दूसरे को बधाई दिया। मौके पर मुख्य मनोज यादव ने कहा कि समाज के सभी लोग एकजुट रहे एवं शिक्षित बने एवं अपने बच्चों को स्कूल भेजें । समाज में एक-दूसरे को सहयोग करना है और सहयोग लेना है। आपस में लड़ाई झगड़ा नहीं करें अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने का प्रयास करें ।जहां कोई परेशानी होती है हमसे मिले हम मदद करने का प्रयास करेंगे।

विशिष्ट अतिथि अमरदीप यादव एवं हजारीबाग जिला युवा यादव महासभा के अध्यक्ष विनोद यादव ने कहा यदि आगे बढ़ना है अधिकारी, ड०क्टर इंजीनियर बनना है तो हमें शिक्षित होना पड़ेगा। इसलिए समाज के लोग शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। होली मिलन समारोह में सभा अध्यक्ष नागेश्वर यादव, उपाध्यक्ष लालचंद यादव, कोषाध्यक्ष महेश यादव ,संचालक धनु यादव यादव, अवध किशोर यादव, नेमन यादव, न०लेश यादव, कमल यादव, नरेश यादव, अनुज गोप, देवनाथ यादव, सागर यादव, मनोज यादव, विकास यादव, बबलू यादव, अरविंद यादव, राजदीप यादव, छटू यादव, शंकर यादव, वीरेंद्र यादव, संतोष यादव, राजकुमार यादव, रो. हित यादव, विजय यादव, मुंशी यादव, विनोद यादव, मनोज यादव, वासुदेव यादव, बाबू लाल यादव, रा. जकुमार यादव, लालचंद यादव, सहित सैकड़ों यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित
एडिटरः सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## तैयारी पूरी, प्रभु श्री श्याम का भव्य निशान यात्रा एवं भव्य भजन संध्या 14 को

### फूलों की होली,केसरिया तिलक, ज्योत, बाबा के संग फागुन की होगी मस्ती

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



श्री श्याम भक्त परिवार द्वारा फागुन शुक्ल पक्ष एकादशी पर आयोजित 14 मार्च दिन सोमवार को मालवीय मार्ग स्थित रानी सती मंदिर से प्रातः 8रू00 भव्य निशान ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। जो हजारीबाग के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए पुनः रानी सती मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त होगी। श्याम प्रेमियों के द्वारा कई स्थानों पर बाबा श्याम का दीदार कर आरती किया जाएगा। तो वहीं उसी दिन देर शाम संध्या 7:00 बजे मालवीय मार्ग स्थित सत्संग भवन में भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें सुप्रसिद्ध गायक बीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी अपने मनमोहक भ. भजन जनों से श्याम प्रेमियों को घुमाएंगे। तो वही भव्य भजन संध्या में बाबा श्याम के केसरिया तिलक लगाए श्याम प्रेमी शामिल होंगे। श्याम प्रेमियों के बीच फूलों की होली ,केसरिया तिलक एवं बाबा के संग होगी फागुन की मस्ती। मौके पर अभिभावक स्वरूप खंडेलवाल वैश्य पंचायत हजारीबाग के अध्यक्ष नरेश वैद्य ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी श्याम प्रेमी अति उत्साहित नजर आ रहे हैं। साथ ही कार्यक्रम को आयोजित कर रहे हैं युवाओं की टोली भी कार्यक्रम में अति उत्साहित नजर आ रही है भव्य एवं ऐतिहासिक होगा कार्यक्रम।

## रोहनिया बेड़ा के सैकड़ों ग्रामीणों ने की कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण

### ग्रामीणों ने कहा 73 सालों में हमारे गांव पर किसी भी जनप्रतिनिधियों ने नहीं दिया ध्यान

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



विरनी प्रखंड के खैरिडिह पंचायत के अंतर्गत रोहनिया बैडा एक गांव है जो प्रखंड मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जहां की जनसंख्या लगभग 300 और घरों की संख्या 50 है लेकिन आजादी यक्षके 73 साल बीत जाने के बाद भी इस गांव के लोग विकास नहीं होने का दंश झेल रहा है ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव कि चारों तरफ नदी से घिरा हुआ है जिससे हम लोग को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और आज मेरा गांव एक टापू बन कर रह गया है क्योंकि इस गांव में आने के लिए ना तो किसी नदी पर पुल बना और ना ही रोड बन पाया गांव में बरसात में कोई बीमार पड़ता है तो ड०क्टरों यहां आने के लिए कतराते हैं और बीमार व्यक्ति को दूसरे जगह व्यवस्था देने में हम लोग भी पीछे पड़ जाते हैं क्योंकि हमारे नदी में उसमें पानी होता है और सकरी नदी होने के कारण पानी का बहाव तेज होता है ग्रामीणों ने बताया कई बार इस गांव के गर्भवती महिलाओं ने व्यवस्था नहीं होने के कारण अपने घरों में ही दम तोड़ दिया हम सभी ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधि समाजसेवी ब्ल०क के जनप्रतिनिधियों से बात किया लेकिन 73 वर्षो के बाद भी किसी ने संज्ञान में नहीं लिया जनप्रतिनिधियों को पत्रकार भी किया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है वहीं महिलाओं ने कहा कि हमारे गांव में एक भी प्रधानमंत्री आवास नहीं बना है हम सभी मिट्टी के घरों में रहने के लिए विवश हैं इसलिए हम लोग आज सभी ग्रामी कांग्रेस की सदस्यता लिया जिसमें बिरनी प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष कांग्रेस नेता बा. सुदेव वर्मा ने सभी को पार्टी का दुपट्टा कराया और पार्टी की सदस्यता को ला. `गों ने ग्रहण कराया

## सूचना नहीं मिलने पर की गई प्रथम अपील

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




झामुमो नेता महताब हुसैन ने विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय में "आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों की वस. तुस्थिति की जानकारी के लिए सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना मांगी थी। तय समय बीत जाने के बाद भी उन्हें सूचना उपलब्ध नहीं कराए जाने पर उन्होंने प्रथम अपीलीय पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी के पास अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार के महत्वकांक्षी अभियान "आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों को निष्पादित करने में अधिकारियों की रुचि नहीं है। सुदूर गांवों के लोग महीनों से अंचल कार्यालय का चक्कर लगाकर थक रहे हैं। रैयतों द्वारा दिये गए आवेदनों का निष्पादन नहीं हो रहा है। तकनीकी कारणों का बहाना बनाकर टालमटोल किया जा रहा है। इसे देखते हुए सूचना अधिकार अधिनियम की धारा 19 (1) के तहत प्रथम अपीलीय पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपील की गई है। सूचना आने के उपरांत वस्तुस्थिति को जिले के वरीय पदाधिकारियों एवं मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा।

## एक शिक्षक के भरोसे 126 बच्चों का भविष्य, तमाशा देख रही है विभाग

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड के गांवा में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांवा उर्दू में इन दिनों बच्चों के पढ़ाई की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है। स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उक्त विद्यालय के 126 बच्चों की पढ़ाई महज एक शिक्षक के भरा. `से चल रहा है। जहां एक ओर सरकार सरकारी विद्यालयों को बेहतर करने की बात कह रही है वहीं दूसरी ओर इस विद्यालय की स्थिति शिक्षा विभाग के सारे पोल खोल रहे है। विद्यालय के बच्चों से पूछे जाने पर पता चला कि प्रतिदिन विद्यालय सौ से ज्यादा बच्चे उपस्थित होते है। कक्षा एक से अष्टम तक सभी कक्षाओं में बच्चें नामांकित है लेकिन मजबूरी का आलम यह है कि सभी बच्चों को एक ही कक्षा में बैठकर एक ही शिक्षक से सभी विषयों की पढ़ाई करने को बाध्य है। और यह भी आश्चर्य की बात है कि जिन एक शिक्षक के भरोसे कक्षा अष्टम तक के बच्चे पढ़ रहे है वह एक प्राइमरी शिक्षक बताए जाते है। बताया गया कि उक्त विद्यालय में तीन शिक्षक थे लेकिन एक सेवानिवृत हो गए और दूसरे किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है जिसके कारण वह सेवा नही दे पढ़े है। हालांकि बीमार चल रहे शिक्षक की पुत्री मानवता का परिचय देते हुए पढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय आती है लेकिन सरकार विभाग के कान में जूं तक नही रेंग रही है। आठवां के बच्चे को नहीं पता है कौन है झारखंड के मुख्यमंत्री शिक्षक के कमी होने के कारण उपयुक्त शिक्षा ना मिलने के कारण आठवां के छात्रा से जब यहां के मुख्यमंत्री के बारे में पूछा गया तो उन्होंने नरेंद्र मोदी का नाम बताया इससे यह स्पष्ट होता है कि यहां शिक्षा व्यवस्था की स्थिति क्या हो सकती है वही एक चौथा के बच्चे से जब फोर का स्पेलिंग पूछा गया तो वह फोर बताने में सक्षम नही थे। झारखंड सरकार एक तरफ उर्दू को दूसरी भाषा का दर्जा दे रखा है वही दूसरी तरफ उर्दू विद्यालयों में शिक्षकों की बहाली नही कर रही है। आखिर सरकार का उर्दू विद्यालयों और बच्चों के साथ इस तरह से खिलवाड़ करने का क्या तात्पर्य है। जरूरत है कि ऐसे विद्यालयों की ओर सरकार अपनी नजर डाले और व्यवस्था में सुधार करे

## विधायक जेपी पटेल ने किया ब्रास एवं ब्रोंज कलस्टर के नए कारखाने का भूमिपूजन

### विष्णुगढ़ क्षेत्र के एक हजार बर्तन कारीगरों हो होगा लाभ

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ में ब्रास एवं ब्रोंज कलस्टर के नए भवन का भूमिपूजन करते विधायक जेपी पटेल

विष्णुगढ़ ब्रास एंड ब्रोंज कलस्टर के कारखाने के भवन निर्माण कार्य का शनिवार को भूमिपूजन किया गया। विष्णुगढ़ के देवी मंडप राजागढ़ के समीप मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने पूजा अर्चना कर इसकी आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि विष्णुगढ़ में कांसा एवं पीतल एक उद्योग का रूप ले चुका है। दुर्भाग्य से यहां अभी भी पुराने तकनीक से बर्तनों का निर्माण होता रहा है। आधु. निकता के कारण नए डिजाइन की मांग होने से यह उद्योग समाप्ति के कगार पर पहुंच रहा था। इसे संज्ञान में लेते हुए एमएसएमई मंत्रालय के तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर नए प्रोजेक्ट को प्राथमिकता के आधार मंजूरी देने की मांग की थी। जिसके फलस्वरूप आज योजना धरातल पर उतर रही है। कहा कि इस प्रोजेक्ट से जुड़कर प्रखंड के एक हजार बर्तन कारीगरों को लाभ होगा। अब क्षेत्र में भी अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से आधुनिक व नवीनतम डिजाइनों के कांसा एवं पीतल के बर्तनों का निर्माण हो सकेगा। इससे लागत भी कम आएगी और इसके उत्पादों की भी मांग बढ़ेगी। मौके पर सचिव सुदामा सिंह, जिप सदस्य यशोदा देवी, केबी मंडल, गुरु प्रसाद साव, गिरजा साव, रामचन्द्र यादव, दीपक रजक, हीरामन महतो, राजेश सोनी, हरि यादव, जीवन सोनी, कन्हाई यादव, संजय सिंह, संदीप कसेरा, विजय कसेरा, नीतीश कुमार बर्णवाल, संजय बर्णवाल, चेतलाल महतो, सोमर महतो, मनोज यादव, रंजीत यादव समेत कई बर्तन कारीगर मौजूद थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## व्यवसायिक प्रशिक्षक संघ की समस्याओं को लेकर बाबूलाल मरांडी को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



व्यवसायिक प्रशिक्षक संघ झारखंड के प्रदेश संगठन मंत्री समीर चंद्र रक्षित के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड सह भाजपा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी जी,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश तथा राजमहल विधायक अनंत ओझा को झारखंड के व्यवसायिक प्रशिक्षको की समस्याओं को लेकर 12 मार्च को साहेबगंज में ज्ञापन सौंपा गया। तथा व्यवसायिक प्रशिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया गया सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड सह भाजपा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी के द्वारा आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि आपकी समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा। आप सभी की समस्याओं को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री व झारखंड के शिक्षा मंत्री के साथ साथ इससे संबंधित जो भी विभागिय अधिकारी हैं उनसे जल्द ही बात की जाएगी ताकि जल्द से जल्द आप लोगों की समस्याओ का समाधान किया जा सके। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। व्यवसायिक प्रशिक्षक संघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण कुमार,प्रदेश सचिव मिथिलेश कुमार पांडेय, उप सचिव रोजनिल तिग्गा,मनीषा तिगा,निखत प्रवीन,कौशल किशोर,सुनील पांडेय, अनपूर्णा कुमारी शाहिना परवीन,उर्मिला कुमारी, कहकशा परवीन,अमित कुमार,दीपक कुमार,प्रशांत पांडेय,सुमन पांडेय, फरजाना अतहर,सुमन कुमारी तथा झारखंड में कार्यरत समस्त व्यवसायिक प्रशिक्षकों द्वारा बाबूलाल मरांडी जी,दीपक प्रकाश जी तथा अनंत ओझा जी को हार्दिक धन्यवाद दिए। साथ ही विश्वास है कि जल्दी ही समस्याओं का समाधान किया जा सकेगा ताकि झारखंड के व्यवसायिक प्रशिक्षक अपने कार्यो को और भी लगन और मेहनत से कर सकेंगे।

## गिरिडीह सिविल कोर्ट में आयोजित हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत

**अपेम लाइव : गिरिडीह / टाउन**
**आदित्य पांडेय**




शनिवार बारह मार्च को गिरिडीह व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। कुल सात बेंच लगाए गए थे जिसपर बिजली, क्रिमनल, एक्साइज, बैंक ऋण, नापतौल, उद्योग, मजदुर, खाद्य सुरक्षा, पारिवारिक मामले से संबंधित लंबित मुकदमों का निपटारा किया गया। विभिन्न मामलों में अoन द स्पoट मुआवजा दिया गया। देवरी प्रखंड अदभरा निवासी जितनी देवी के पति का मौत रोड दुर्घटना में आज से करीब पांच साल पहले हो गई थी। आज के इस राष्ट्रीय लोक अदालत में जितनी देवी को चार लाख रुपए का चेक मुआवजे के तौर पर दिया गया सभी सातों बेंच पर सैकड़ों मुकदमे का निपटारा अoन द स्पoट किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभा. रंभ वीणा मिश्रा प्रधान जिला एवं सेशन जज गिरिडीह, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस कप्तान अमित रेणु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्व. लित कर किया।

## युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू हजारीबाग उपायुक्त से मिल कर क्षेत्र के जनकल्याण के लिए वास्ता किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू हजारीबाग उपायुक्त महोदया नैंसी सहाय से जनकल्याण को लेकर मिला ।औपचारिक मुलाकात के बाद विशेष चर्चा बड़कागांव एवं केरेडारी क्षेत्र में एनटीपीसी के द्वारा कoल खनन परियोजना एजेंसी सैनिक कोल माइंस के द्वारा विस्थापित एवं प्रभावित भू रैयातो को हो रही है समस्या ।और क्षेत्र में बेरोजगार इसके बारे में विशेष चर्चा की गई। साथ ही साथ बड़कागांव केरेडारी प्रखंड के मूलभूत समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए ।की केरेडारी अंतर्गत कोल माइंस परियोजना के तहत जो कार्य की जा रही है ।उ. समें प्रभावित एवं विस्थापितों की जनता को हक और अधिकार दिलाने में आप मदद करें ।आग्रह करते हुए कहा कि एक बार बड़कागांव एवं केरेडारी के प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण की जाए इससे क्षेत्र में हो रही है मूलभूत समस्याएं से अवगत हो सके इन सभी बातों और समस्याओं को सुनते हुए उपायुक्त महोदया ने कही जरूर समय मिलते ही मैं हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में भ्रमण करूंगी ।और वहां की समस्याओं से एवं कंपनी को रवैया को देखते हुए। लोगों की समस्या का हल करने में मेरा पूरा पूरा प्रयास रहेगा।

## सीआरपीएफ द्वारा शिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का हुवा समापन

### फाइनल मैच में तुलबुल पंचायत को 1–0 से हराया मडगड़ा पंचायत कि टीम

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**






सीआरपीएफ 190वि बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत बीके प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय फूटबॉल टूना मैच का शनिवार फाइनल मुक. ाबला के साथ समापन किया गया ।समापन मैच में कसम कस मुकाबला के साथ मदगड़ा पंचायत के टीम ने तुलबुल पंचायत के टीम को खेल के दौरान 1–0 से पराजित किया और प्रथम पुरस्कार पर कब्जा जमाया ।उक्त मैच का आयोजन 27 फरवरी को सीआरपीएफ के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर शुरू किया गया था जिसमें प्रखंड के 8पंचायत के टीमों ने हिस्सा लिया था ।जिसका शनिवार को फाइनल मुक. ाबला के साथ समापन किया गया ।फाइनल मैच का उद्घाटन सीआरपीएफ 190 बी के सहायक कमांडेंट अनिल कुमार राय व राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान,इंस्पेक्टर संजीत कुमार के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व किक मारकर किया गया ।मैच समाप्ति के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमे सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट अनिल कुमार राय व थाना प्रभारी विकाश पा. सवान,इंस्पेक्टर संजीत कुमार ने विजेता व उप विजेता टीम को मैडल पहनाते हुवे पुरस्कार व शील्ड देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते कमानेंट अनिल कुमार ने कहा कि सीआरपीएफ द्वारा हर साल सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय बनाने को लेकर कई जन कल्याणकारी कार्य किया जाता और हर क्षेत्र में मैच का आयोजन करवाकर खेल क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ने को लेकर प्रेरित किया जाता है। उन्होंने आगे खिलाड़ियों को कहा के सीआरपीएफ हमेशा आप सभी के प्रतिभा निखारने में सहयोग करेगी ।वही थाना प्रभारी विकास पासवान ने अपने संबोधन में कहा की खेल समाज को जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम है,जो तन,मन तंदुरुस्त करने का सबसे बड़ा माध्यम है ।अगर आप ईमानदारी से प्रयास करें तो सफलता जरूर मिलेगी ।राज्य से लेकर देश तक इसका कई उदाहरण है ।इस मौके पर मुख्य रूप से राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष मो शेरशाह,सब इंस. पेक्टर शिदिकी,राम अयोध्या सिंह के साथ प्रखंड के सैकड़ो खेल प्रेमी व सीआरपीएफ के कई अन्य जवान उपस्थित थे।

